राजस्थान सरकार
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग,
खाद्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर
ई–मेल :– acfood-rj@nic.in दूरभाष नंबरः– 0141–2227117, 2227911

क्रमांक एफ 02 (03541) खा.वि./स्था.प्रवर्तन/2024 जयपुर, हस्ताक्षरित दिनांक

आदेश

विभागीय आदेश दिनांक 27.11.2025 द्वारा श्री सत्येन्द्र शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक (APO) का पदस्थापन जिला रसद कार्यालय, जैसलमेर में रिक्त प्रवर्तन निरीक्षक के पद पर किया गया था, जिसकी पालना में श्री शर्मा द्वारा अपनी उपस्थिति नहीं दिए जाने के फलस्वरूप कार्मिक (क-2/नियम) विभाग की अधिसूचना दिनांक 13.06.2008 एवं कार्मिक (क-3/जांच) विभाग के परिपत्र दिनांक 20.05.2025 के क्रम में श्री शर्मा को विभाग द्वारा दिनांक 02.01.2026, 23.01.2026 एवं 05.02.2026 को "कारण बताओ नोटिस" जारी किये गए, जिनका जवाब कार्मिक द्वारा आदिनांक तक प्रस्तुत नहीं किया गया है | श्री सत्येन्द्र शर्मा का प्रवर्तन निरीक्षक के पद पर चयन होने से पूर्व वह खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर में कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थाई कर्मचारी थे |

अतः उक्त कृत्य के सम्बन्ध में श्री सत्येन्द्र शर्मा, प्रवर्तन निरक्षक को कार्मिक (क-2/नियम) विभाग की अधिसूचना दिनांक 13.06.2008 एवं कार्मिक (क-3/जांच) विभाग के परिपत्र दिनांक 20.05.2025 के क्रम में इनके पूर्व पद (कनिष्ठ सहायक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर) पर प्रतिवर्तित करने के दण्ड से दण्डित करते हुए, इनकी सेवाएं मूल विभाग को लौटाई जाती है |

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है |

(पूनम प्रसाद सागर)
अतिरिक्त आयुक्त (खाद्य)

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. विशिष्ट सहायक, माननीय खाद्य मंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त खाद्य आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर।
4. जिला कलक्टर, जैसलमेर |
5. जिला रसद अधिकारी, जैसलमेर |
6. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, खाद्य विभाग को भेजकर लेख है कि उक्त आदेश को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करें |
7. श्री सत्येन्द्र शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक, जिला रसद कार्यालय, जैसलमेर को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि स्वयं को कार्यमुक्त मानते हुए तत्काल अपनी उपस्थिति अपने मूल विभाग में दिया जाना सुनिश्चित करें |
8. रक्षा पत्रिका।

Document certified by POONAM PRASAD SAGAR <AFCFOOD-RJ@NIC.IN>.

Digitally Signed by Poonam Prasad Sagar
Designation : Additional Commissioner
Date :22-05-2026 04:47:53

RajKaj Ref No.: 22405420